असुरक्षित स्थान पर चल रहा है ; और

(ग) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्यवाही की जा रही है ?

**मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह)** : (क) जी, हां ।

(ख) और (ग) कौमी उच्चतर माध्यमिक, स्कूल ईदगाह एक निजी स्कूल है, जिसे दिल्ली प्रशासन द्वारा सहायता दी जाती है, इसलिए भूमि आबंटित करने के लिए आवश्यकतायें पूरा करना स्कूल के प्रबंध का काम है । प्रबंध ने हाल ही में भूमि के आबंटन के लिए आवेदन दिया है और क्योंकि आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र में नहीं था, दिल्ली प्रशासन ने 20-11-91 को प्रबंध को सलाह दी है कि वे निर्धारित आवेदन पत्र में आवेदन करें ।

**Acknowledgement of letters by Kendriya Vidyalaya Sangathan**

3409. SHRI SANTOSH KUMAR SAHU: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Commissioner. Kendriya Vidyalaya Sangathan neither acknowledges nor responds to the letiers written by Member of Parliament; an..:

(b) if so. what steps have been taken and or proposed to be taken by Government to ensure prompt response to the letters?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI ARJUN SINGH): (a) and (b) The Kendriya Vidyalaya Sangathan has intimated that the letters received from the Members of Parliament and Very Important Persons are acknowleded and action taken promptly.

**जामा मस्जिद का ह्रास होना**

3410. श्री **मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल** : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस तथ्य की जानकारी है कि दिल्ली में स्थित शाही जामा मस्जिद के पत्थरों का रंग पर्यावरण प्रदूषण के कारण बदल रहा है ;

(ख) यदि हां, तो इस मस्जिद की रसायन से सफाई कराने के लिये क्या कदम उठाये जा रहे हैं ;

(ग) 1989-90 और 1990-91 में जामा मस्जिद की मरम्मत और अनुरक्षण के लिये कितनी धनराशि का आबंटन किया गया और इन वर्षों के दौरान वास्तव में कितनी राशि खर्च की गई; और

(घ) सरकार इस स्मारक के संरक्षण के लिये क्या कदम उठा रही है ?

**मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह)** : (क) ध्यान से देखने पर पता चला है कि शाही जामा मस्जिद, दिल्ली जो केन्द्र द्वारा संरक्षित स्मारक नहीं है, के पत्थरों का रंग फीका नहीं पड़ा है

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) पिछले 2 वर्षों के दौरान जामा मस्जिद के संरक्षण के लिए खर्च की गई आबंटित धनराशि इस प्रकार है :—

| | आबंटन रु० | व्यय रु० |
|---|---|---|
| 1989-90 | — | 32,118 |
| 1990-91 | 8,50,000 | 4,57,605 |

(घ) शाही जामा मस्जिद के खुले आंगन का संरक्षण-कार्य हाथ में ले लिया गया है ।